सीआइएन/(CIN)L65190MH2004GOI148838

IDBI BANK

प्रेस विज्ञप्ति
PRESS RELEASE

तत्काल प्रकाशन/ब्रॉडकास्ट/ प्रसारण के लिए

पीआर/1361

वित्तीय वर्ष 19 की दूसरी तिमाही (30 सितंबर 2018 को समाप्त तिमाही) के वित्तीय परिणामों की विशेषताएं

कारोबार

कासा और रिटेल अग्रिम पोर्टफोलियो के संबंध में कारोबार संरचना में सुधार

- **कासा** 30 सितंबर 2017 के 85,376 करोड़ रु. की तुलना में 30 सितंबर 2018 को बढ़ कर 90,071 करोड़ रु. हो गया. 30 सितंबर 2018 को कासा कुल जमाराशियों का 38% हो गया.
- **बचत बैंक जमा राशियाँ** 30 सितंबर 2017 के 51,488 करोड़ रु. की तुलना में 30 सितंबर 2018 को 11% बढ़ कर 57,035 रु. हो गईं.
- अग्रिम पोर्टफोलियो कॉर्पोरेट बनाम रिटेल की संरचना का पुनर्निर्धारण किया गया. (30 सितंबर 2017 के 61:39 की तुलना में 30 सितंबर 2018 को 54:46).
- संरचित रिटेल आस्ति पोर्टफोलियो 30 सितंबर 2017 के 41,718 करोड़ रु. से 6,075 करोड़ रु. या 14.56% बढ़ कर 30 सितंबर 2018 को 47,793 करोड़ रु. हो गया.

लाभप्रदता

जमाराशियों की लागत और निधियों की लागत में कमी से लागत क्षमता में और मजबूती आई

- **जमाराशियों की लागत** सितंबर 2017 को समाप्त तिमाही के 5.65% की तुलना में घट कर सितंबर 2018 को समाप्त तिमाही के दौरान 24 बीपीएस घट कर 5.41% हो गई.
- **निधियों की लागत** सितंबर 2017 को समाप्त तिमाही के 5.95% की तुलना में घट कर सितंबर 2018 को समाप्त तिमाही के दौरान 16 बीपीएस घट कर 5.79% हो गई.

- **परिचालन लाभ** सितंबर 2017 को समाप्त तिमाही के 2803 करोड़ रु. की तुलना में सितंबर 2018 को समाप्त तिमाही के दौरान 850 करोड़ रु. हो गया. सितंबर 2017 के परिणाम में गैर कोर आस्तियों की बिक्री से लाभ के रूप में प्राप्त 1337 करोड़ रु. शामिल था.
- **ब्याज व्यय** सितंबर 2017 को समाप्त तिमाही के 4347 करोड़ रु. की तुलना में सितंबर 2018 को समाप्त तिमाही के दौरान 7% घट कर 4,055 करोड़ रु. हो गया.
- **निवल ब्याज आय** सितंबर 2017 को समाप्त तिमाही के 1657 करोड़ रु. की तुलना में सितंबर 2018 को समाप्त तिमाही के दौरान 1301 करोड़ रु. हो गया.
- **निवल हानि** जून 2018 को समाप्त तिमाही के 2410 करोड़ रु. और सितंबर 2017 को समाप्त तिमाही के 198 करोड़ रु. की तुलना में उच्चतर प्रावधानीकरण के कारण सितंबर 2018 को समाप्त तिमाही के दौरान 3602 करोड़ रु. हो गई.

<u>आस्ति गुणवत्ता</u>

- **प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर)** 30 सितंबर 2017 के 54.56% की तुलना में बढ़कर 30 सितंबर 2018 को 68.72% हो गया.
- सकल एनपीए और निवल एनपीए अनुपात 30 सितंबर 2018 को क्रमशः 31.78% और 17.30% रहे.
- तिमाही के दौरान गिरावट (स्लिपेज) 3489 करोड़ रु. रहा जो पिछले 6 तिमाहियों के दौरान सबसे कम था.
- **बट्टे खाते में डाले गए खाते से वसूली** सितंबर 2017 को समाप्त तिमाही के 34 करोड़ रु. की तुलना में सितंबर 2018 को समाप्त तिमाही में बढ़ कर 148 करोड़ रु. हो गई.

<u>पूँजी</u>

- **बैंक की सीईटी 1** पूँजी 30 सितंबर 2018 को 3.87% हो गई (30 सितंबर 2017 को 6.56%) और 30 सितंबर 2018 को सीआरएआर 6.22% हो गया.
- **जोखिम भारित आस्तियां** (आरडब्ल्यूए) 30 सितंबर 2017 की तुलना में 55,013 करोड़ रु. या 22% घट कर 1,92,028 करोड़ रु. हो गईं.
- तिमाही के दौरान बैंक को भारतीय जीवन बीमा निगम से 2098 करोड़ रु. की पूँजी प्राप्त हुई.

<u>सकेंद्रित क्षेत्र</u>

- कासा और रिटेल जमा बढ़ा कर जमाराशियों पर लागत को नियंत्रित करना.
- रिटेल कारोबार बढ़ा कर तुलन पत्र को मजबूत करना तथा कॉर्पोरेट एवं रिटेल पोर्टफोलियो का पुनर्निर्धारण.
- एनपीए समाधान, बट्टे खाते में डाले गए मामलों से वसूली तथा प्रावधान कवरेज में सुधार करने पर ध्यान देना.

• **मुंबई, 14 नवंबर 2018** : **आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (आईडीबीआई)** के निदेशक मंडल की बैठक आज **मुंबई** में सम्पन्न हुई जिसमें 30 सितंबर 2018 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों पर विचार किया गया.

प्रिंट, वायर और इलेक्ट्रोनिक मीडिया के सभी प्रतिनिधि